महत्वपूर्ण एवं खास

सीआरपीएफ जवान ने खुद को मारी गोली, गम्भीर

दंतेवाड़ा (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में सीआरपीएफ 111 बटालियन समेली कैम्प में पदस्थ जवान ने अपने आप को गोली मार ली है। गोली लगने से जवान घायल है। घायल जवान का जिला अस्पताल में इलाज जारी है. एडिशनल एसपी राजेन्द्र जायसवाल ने घटना की पुष्टि की है. मिली प्राथमिक जानकारी के मुताबिक जवान एके 47 राइफल से आत्महत्या का प्रयास कर रहा था. हालाँकि किन कारणों के चलते जवान ने खुद पर गोली चलाई है इस बात का अब तक पता नहीं चल सका है। मामले की विस्तृत विवेचना की जा रही है।

तेज़ रफ़्तार पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलटी,3 दर्जन से अधिक लोग घायल

»15 लोग गम्भीर, अस्पताल में भर्ती

कवर्धा (आरएनएस)। तेज रफ्तार पिकअप वाहन के पलटने से 15 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं. वाहन में 40 महिला, पुरुष और बच्चे सवार थे. पिकअप में सवार सभी लोग चोटिल हो गए हैं. कई लोगों को मामूली चोटें आई है. कुछ लोग ज्यादा जख्मी हो गए हैं. डायल 112 और 108 एम्बुलेंस की मदद से सभी घायलों को जिला अस्पताल लाया जा रहा है। मिली प्राथमिक जानकारी के मुताबिक पिकअप वाहन में बैठकर सभी लोग झांडी गांव मजदूरी करने जा रहे थे. सभी लोग बांधा गांव के निवासी हैं. कुछ महिलाएं अपने बच्चों को भी साथ में ले जा रहीं थीं. पिकअप वाहन झांडी गांव पहुँच चुकी थी. झांडी गांव के पास ही पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि पिकअप चालक वाहन को तेज रफ़्तार से चला रहा था।

सड़क पर फटाखा फोड़ने मना करने पर ऑटों चालक के साथ मारपीट, मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। सड़क पर फटाखा फोड़ने मना करने पर ऑटों चालक की चार लड़कों ने जमकर पिटाई कर दिया। मामले की रिपोर्ट टिकरापारा थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के मुताबिक देवपुरी टिकरापारा निवासी पायल बारले 19 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि प्रार्थिया का पति हसेन्द्र बारले 30 सितंबर को ऑटों लेकर घर आ रहा था तभी स्वास्थ्य केन्द्र देवपुरी के पास मोहल्ले के पवन,सोनू,आलु, बिट्टू सड़क पर फटाखा फोड़ रहे थे किनारे फोड़ने बोलने पर चारों लड़कों ने एक राय होकर प्रार्थिया के पति की जमकर पिटाई कर दी। मारपीट के दौरान किसी वस्तु से मारकर चोट पहुंचायी है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

पिता के प्रताड़ना से तंग आकर युवती चढ़ी एनीकेट में

रामानुजगंज (आरएनएस)। आज सुबह मूसलाधार बारिश के बीच माता पिता के प्रताड़ना से तंग आकर नाबालिक लड़की के एनिकट के बीच में बैठ गई थी वही नदी का जलस्तर लगातार बड़ रहा था इस इसकी जानकारी स्थानीय जनप्रतिनिधियों को लगी तो तत्काल मौके पर पहुंची जहां वे स्वच्छता दीदी की मदद से समझा-बुझाकर एनीकट से बाहर निकाला वहीं इसकी सूचना थाने में भी दी गई। आज सुबह मूसलाधार बारिश हो रही थी वहीं वार्ड क्रमांक 1 नाबालिक लड़की अपने माता-पिता पर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए इससे व्यथित होकर एनीकट के बीचो बीच पानी में पैर लटका कर बैठ गई थी वही कन्हर नदी का पानी एनीकट के ऊपर से जा रहा था मूसलाधार बारिश से एनीकट का जलस्तर लगातार बड़ रहा था परंतु नाबालिक लड़की वहां से हट नहीं रही थी इस बीच इसकी जानकारी समाजसेवी विकास दुबे एवं विधायक प्रतिनिधि विकास गुप्ता लगी तो तत्काल नगर पंचायत की स्वच्छता दीदी किरण पासवान एवं सीता देवी की मदद से नाबालिग लड़की को समझा-बुझाकर बाहर निकाले।

गोबर से बनी बिजली से जगमग होंगे गांवों और गौठान

» मुख्यमंत्री 2 अक्टूबर गांधी जयंती के दिन छत्तीसगढ़ के गौठानों में गोबर से बिजली उत्पादन का करेंगे शुभारंभ

» गोबर से उत्पादित बिजली होगी सस्ती प्रति यूनिट लागत 2.50 से 3 रूपया

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के गांव और गौठान अब गोबर की बिजली से जगमग होंगे। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के दिन बेमेतरा जिला मुख्यालय के बेसिक स्कूल मैदान में आयोजित किसान सम्मेलन में गोबर से बिजली उत्पादन की महत्वाकांक्षी और ऐतिहासिक परियोजना का शुभारंभ करेंगे। राज्य के कई गौठानों में गोबर से बिजली उत्पादन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल किसान सम्मेलन में ही बेमेतरा जिले को 477 करोड़ रूपए के विकास एवं निर्माण कार्यों की सौगात देंगे।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर 2021 का दिन छत्तीसगढ़ राज्य के लिए अविस्मरणीय एवं ऐतिहासिक दिन होगा। मुख्यमंत्री श्री बघेल 2 अक्टूबर को बेमेतरा जिले के आदर्श गौठान राखी सहित दुर्ग जिले के सिकोला गौठान तथा रायपुर जिले के बनचरौदा गौठान में गोबर से विद्युत उत्पादन परियोजना का शुभारंभ करेंगे। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा गौठानों में गोबर से विद्युत उत्पादन की परियोजना को लेकर बीते कई महीनों

से तैयारियां की जा रही थी, जो 2 अक्टूबर को मूर्तरूप लेने जा रही है। गोबर से सस्ती बिजली उत्पादन होने के साथ-साथ जैविक खाद का भी उत्पादन होगा। इससे गौठान समितियों और महिला स्व-सहायता समूहों को दोहरा लाभ होगा।

गोबर से विद्युत उत्पादन के लिए गौठानों में बायो गैस प्लांट, स्क्रबर एवं जेनसेट स्थापित किए गए हैं। बायो गैस टांके में गोबर एवं पानी डालकर बायोगैस तैयार की जाएगी, इससे 50 फीसद मात्रा में मीथेन गैस उपलब्ध होगी, जिससे जेनसेट को चलाकर विद्युत उत्पन्न की जाएगी। 25 किलो गोबर एवं पानी के मिश्रण से तैयार होने वाली 1000 लीटर बायोगैस से 2 केव्ही बिजली उत्पन्न होती है। इसी तरह 250 किलो गोबर और पानी के मिश्रण से उत्पन्न मीथेन गैस से तैयार होने वाली 10 केव्ही विद्युत से 15 एलईडी बल्ब 8 से 10 घंटे तक जलाए जा सकेंगे। वैज्ञानिक बताते है कि गोबर से उत्पन्न विद्युत की प्रति यूनिट लागत 2.50 से 3 रूपये तक आती है। बायोगैस प्लांट में उपयोग में लाए गए गोबर की शत-प्रतिशत मात्रा जैविक खाद में तब्दील हो जाती है। इस तरह से देखा जाए तो गोबर से पहले विद्युत उत्पादन और उसके बाद शत-प्रतिशत मात्रा में जैविक खाद प्राप्त की जा सकती है। इससे गौठान समितियों और महिला समूहों को दोहरा लाभ मिलेगा।

यहां यह उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ सरकार की सुराजी गांव योजना के तहत गांवों में पशुधन के संरक्षण और संवर्धन के उद्देश्य से 10 हजार 112 गौठानों के निर्माण की स्वीकृति दी जा चुकी है। जिसमें से 6112 गौठान पूर्ण रूप से निर्मित एवं संचालित है। इन गौठानों में पशुओं के चारे-पानी का निःशुल्क प्रबंध किए जाने के साथ ही छत्तीसगढ़ सरकार की गोधन न्याय योजना के तहत दो रूपए किलो की दर से गोबर की खरीदी की जा रही है। गोबर से महिला स्व-सहायता समूह जैविक खाद सहित अन्य उत्पाद तैयार कर रही हैं। गौठानों में अब तक 51 लाख क्विंटल से अधिक की गोबर खरीदी की जा चुकी है, जिसके एवज में ग्रामीणों, पशुपालकों को 102 करोड़ रूपए का भुगतान किया जा चुका है। गोबर से गौठानों में अब तक 12 लाख क्विंटल से अधिक वर्मी कम्पोस्ट, सुपर कम्पोस्ट खाद का उत्पादन एवं विक्रय किया जा चुका है।

गांवों के गौठानों में अब गोबर से पहले विद्युत उत्पादन उसके बाद जैविक खाद का उत्पादन होगा। गोबर से रेन्यूएबल एनर्जी का उत्पादन होगा, जिसकी मार्केट वैल्यू 8 से 10 रूपया प्रति यूनिट होगी। जिसका सीधा लाभ उत्पादक समूहों को होगा।

महासमुंद में हुए लाठी चार्ज मामले में सुप्रीम कोर्ट ने आईपीएस उदय किरण सहित तीन पर एफआईआर दर्ज करने के दिए निर्देश

रायपुर (आरएनएस)। भाजपा के शासन काल में महासमुंद में 19 जून 2018 को तत्कालीन पुलिस अधीक्षक उदय किरण आईपीएस के निर्देश पर वरिष्ठ नेता डॉ. विमल चोपड़ा एवं अन्य पर लाठी चार्ज हुए मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व दिए गए स्टे को हटाते हुए राज्य शासन को आईपीएस उदय किरण सहित तीन अन्य पर एफआईआर दर्ज करने के तत्काल निर्देश दिए है। मिली जानकारी के अनुसार पूर्व विधायक विमल चोपड़ा ने एक प्रेस कांफ्रेंस करके यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 19 जून 2018 को हुए लाठीचार्ज मामले को लेकर वे हाईकोर्ट गए थे जहां से कोर्ट ने आइपीएस उदय किरण के खिलाफ एफ आईआर करने के निर्देश दिए थे. इस फैसले के खिलाफ उदय किरण सुप्रीम कोर्ट गए थे जहां से उन्हें स्टे के रूप में राहत मिल गई थी।

यह छत्तीसगढ़ का पहला मामला होगा जबकि आईपीएस समेत पुलिसकर्मियों पर कोर्ट के निर्देश पर एफआईआर होगी। ज्ञातव्य है कि महासमुंद में एसपी उदय किरण पदस्थ थे तब उनके नेतृत्व में 19 जून 2018 को एक लाठीचार्ज हुआ था जिसमें तत्कालीन विधायक डॉ.विमल चोपड़ा पर उदय किरण ने सबके सामने लाठियां बरसाई थीं साथ ही समर्थकों को घेरकर मारा गया था।

माँ बम्लेश्वरी की नगरी डोंगरगढ़ के विकास में कोई कमी नहीं आएगी : मुख्यमंत्री

» घुमका को तहसील बनाने की घोषणा

» छत्तीसगढ़ सरकार का सरोकार समाज के प्रत्येक वर्ग व परिवार के साथ

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि डोंगरगढ़ मां बम्लेश्वरी की नगरी और हम सब छत्तीगढ़ियों की पहचान है। माता रानी की कृपा से इस क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं आएगी। मुख्यमंत्री ने डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लोगों की मांग पर घुमका को पूर्ण तहसील बनाए जाने की घोषणा की। उन्होंने डोंगरगढ़ क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन, खेल की सुविधा के लिए आवश्यक अधोसंरचनाओं के निर्माण का भरोसा दिलाया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज शाम अपने निवास कार्यालय में डोंगरगढ़ के विधायक भुवनेश्वर बघेल एवं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष नवाज खान के नेतृत्व में आए डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों और समाज प्रमुखों से रूबरू चर्चा कर रहे थे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि हमारी सरकार की यह कोशिश है, कि समाज के सभी वर्ग

के लोगों को आगे बढ़ने और तरक्की करने का अवसर मिले। हर परिवार एवं व्यक्ति के आय में वृद्धि हो। लोगों के जीवन स्तर में बदलाव आए। उन्होंने कहा कि पौने तीन साल में सरकार की यह कोशिश सफल रही है। समाज का प्रत्येक वर्ग, प्रत्येक तबका और हर परिवार सरकार की किसी न किसी योजना से लाभान्वित हो रहा है। किसानों की कर्ज माफी, सिंचाई कर की माफी, समर्थन मूल्य पर धान खरीदी से लेकर राजीव गांधी किसान न्याय योजना, सार्वभौम पीडीएस, लघु वनोपज एवं तेन्दूपत्ता संग्रहण, गोधन न्याय योजना और महिला समूहों के ऋण की माफी का उल्लेख करते हुए कहा कि इसका लाभ किसी न किसी रूप में हर परिवार को मिला है। उन्होंने इस मौके पर राज्य में चिकित्सा शिक्षा, को बेहतर बनाने के लिए कांकेर, महासमुंद एवं कोरबा में मेडिकल कॉलेज की स्थापना तथा भिलाई स्थित चन्दूलाल चन्द्राकर स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के अधिग्रहण का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य में चिकित्सा सुविधा को बेहतर बनाने और चिकत्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की पहल की गई है।

अज्ञात वाहन से भिड़ी वेन, पिता पुत्र समेत तीन की मौत, पत्नी गंभीर

» एनएच 53 में हुए हादसे के बाद समय पर नहीं मिली मदद से मौत

महासमुंद (आरएनएस)। एनएच 53 में शुक्रवार सुबह तुमगांव और पटेवा थाना के मध्य छछान पहाड़ी के पास अज्ञात वाहन से भिड़त हुई वेन सवार पिता-पुत्र समेत तीन लोगों की मौत हो गई जबकि पत्नी गंभीर रुप से घायल हो गई जिन्हें रायपुर रिफर किया गया है। इधर, हादसे के करीब दो घंटे बाद नगर पंचायत के बाद तुमगांव में पेट्रोल पंप के पास गढ्ढे में टकराकर दो बाइक सवार हादसे का शिकार हो गए जिसमें एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रुप से घायल हो गया। तुमगांव पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

इधर, हादसे में घायलों की मौत की वजह घटना के बाद समय पर सूचना और घायलों को उचित उपचार नहीं मिलने से मौत होना माना जा रहा है। जानकारी के मुताबिक बसना निवासी खुंटे परिवार वेन क्रमांक सीजी 06 एचसी 6687 से रायपुर से अपने गांव वापस जा रहे थे। करीब साढ़े 9 बजे वे पटेवा और तुमगांव थाने के मध्य स्थित छछान पहाड़ी के पास ही पहुंचे थे कि अज्ञात वाहन से उनकी वेन की भिड़त हो गई और वाहन में सवार सभी गंभीर रुप से घायल हो गए। घटना की जानकारी करीब आधे घंटे बाद पटेवा पुलिस को एक बाइक सवार युवक ने थाने पहुंचकर दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस बल ने उन्हें वेन में फंसे सभी घायलों को बड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला और उपचार के लिए अस्पताल भेजा। इससे पूर्व पिता की घटना स्थल पर नीं मौत हो चुकी थी। इधर, तुमगांव पेट्रोल पंप के पास सीजी 06 जीएफ 6163 से महासमुंद से तुमगांव की ओर जा रहे है दो बाइक सवार हादसे का शिकार हो गए जिसमें एक की मौत हो गई दूसरे को जिला अस्पताल रिफर किया गया है। घायलों के संबंध में फ्लिहाल पुलिस कोई जानकारी नहीं मिल पाई है।

हादसे में इनकी हुई मौत - तुमगांव पुलिस के मुताबिक हादसे में वेन को चला रहे बोधराम खुंटे (40)पुत्र ओमप्रकाश खुंटे (15) और शिवम खुंटे (30) की मौत हो। पुलिस ने बताया कि बोधराम की मौत मौके पर हो चुकी थी जबकि उनके दोनों पुत्र की मौत तुमगांव में उपचार के दौरान हुई। वहीं गंभीर रुप से घायल पत्नी सेवती खुंटे को प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर रिफर किया गया है। घटना के बाद मृतक के परिजनों का सूचित कर दिया गया है। बताया जाता है कि खुंटे परिवार बसना थाना क्षेत्र के ग्राम पिलवापाली के निवासी है।

मुख्यमंत्री 2 और 3 अक्टूबर को बेमेतरा और मुंगेली जिले के दौरे पर रहेंगे

» बेमतरा में किसान सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे और विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 2 और 3 अक्टूबर को बेमेतरा और मुंगेली जिले के दौरे पर रहेंगे। निर्धारित दौरा कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री दोपहर 12.30 बजे रायपुर के पुलिस गाउंड से हेलीकॉप्टर द्वारा प्रस्थान कर जिला मुख्यालय बेमेतरा पहुंचेंगे और वहां दोपहर 1.15 बजे स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल के प्रयोगशाला और ग्रंथालय का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री दोपहर 2.20 बजे राम मंदिर परिसर में महात्मा गांधी प्रतिमा के अनावरण समारोह में शामिल होंगे और 3.30 बजे बेसिक शाला ग्राउंड में आयोजित किसान सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे। वे शाम 6.30 बजे सर्किट हाउस में समाज के प्रमुखों तथा रात्रि 8 बजे अधिकारियों से चर्चा करेंगे। मुख्यमंत्री अगले दिन 3 अक्टूबर को बेमेतरा के सर्किट हाउस सुबह 10 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस लेंगे। वे सर्किट हाउस में ही 11 बजे ''12 आवर स्वस्थ भारत, संपन्न भारत टेलीथोन'' के कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शामिल होंगे।

लघु वनोपज का कटोरा कोण्डागांव, 90 प्रतिशत आबादी वनांचलों में करती है निवास

रायपुर (आरएनएस)। वनों की गोद में बसे कोण्डागांव जिले में 90 प्रतिशत से अधिक आबादी वनांचलों में निवास करती है। वनों की सघनता एवं पर्वतीय स्थल संरचना के कारण यहां मैदानी क्षेत्रों की तरह खेती संभव नहीं हो पाती है। वनों से प्राप्त होने वाले वनोत्पाद वनवासियों के जीवन का आधार और रोजगार का साधन है। कोण्डागांव जिला लघु वनोपज के उत्पादन एवं संग्रहण के कटोरे के रूप में अपनी पहचान बनाई है, जिसमें दक्षिण कोण्डागांव वनमण्डल की महत्वपूर्ण भूमिका है। जिला इन वनोत्पादों का संग्रहण जिला वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित, दक्षिण कोण्डागांव वनमण्डल के माध्यम से किया जा रहा है।

कोण्डागांव में वनोत्पादों की प्रचुरता को देखते हुए शासन द्वारा 13 प्राथमिक लघु

वनोपज समितियों के अधीन 155 ग्रामस्तर समूह तथा 31 हाट-बाजार स्तरों पर वनोपजों के संग्रहण का कार्य स्व-सहायता समूहों के माध्यम से कराया जा रहा है। इन समूहों द्वारा वर्ष 2019-20 में 21.45 करोड़ की लागत के कुल 101260 क्विंटल लघु वनोपजों का संग्रहण किया था, जबकि लक्ष्य 56500 क्विंटल का ही रखा गया था। वर्ष 2019-20 में सामान्य परिस्थितियों के साथ जिले के संग्राहकों द्वारा उच्चतम लक्ष्य की प्राप्ति की गई। इस दौरान 61609 संग्राहकों द्वारा लघु वनोपज संग्रहण का कार्य किया था, वहीं 2020-21 में 51537 क्विंटल वनोपज की खरीदी की गई। वर्ष 2019-20 एवं 2020-21 दोनों ही वर्षों में दक्षिण कोण्डागांव वनमण्डल लघु वनोपज उत्पादन एवं संग्रहण में प्रथम स्थान पर रहा।

वर्ष 2020-21 के शुरूवात में ही कोरोना संक्रमण का देशव्यापी प्रसार होने लगा। जिससे सम्पूर्ण अर्थव्यवस्था छिन्न-भिन्न हो गई थी। इस दौरान ग्रामीण रोजगार के सभी साधन बंद हो चुके थे। यह ऐसा दौर था, जहां छोटे-बड़े सभी व्यवसाय बंद हो गये थे। ऐसी स्थिति में नगरों में जाकर रोजगार व्यवसाय करने वाले युवा भी गांव में अपने घरों की ओर लौट गये थे। जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर ही सारा भार आ गया था।

चंदखुरी स्थित माता कौशल्या मंदिर के दर्शन नए स्वरूप में होंगे नवरात्रि के अवसर पर सौन्दर्यीकरण कार्यों का होगा लोकार्पण

रायपुर (आरएनएस)। राम वन गमन पर्यटन परिपथ के अंतर्गत कौशल्या मंदिर परिसर चंदखुरी में सात अक्टूबर से नौ अक्टूबर तक तीन दिवसीय समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मंदिर परिसर के जीर्णोद्धार एवं सौन्दर्यीकरण कार्यों का लोकार्पण एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में बैठक लेकर आयोजन संबंधी तैयारियों की जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

निर्धारित कार्यक्रम के तहत नवरात्रि के पहले दिन सात अक्टूबर को कौशल्या मंदिर परिसर के जीर्णोद्धार एवं सौन्दर्यीकरण कार्यों का लोकार्पण प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल करेंगे। आठ और नौ अक्टूबर को राम कथा, रामायण मंडली, प्रवचन आदि का आयोजन किया जाएगा। मंदिर के सामने वाले ग्राउण्ड (राज्य पुलिस आकादमी) में आम सभा का आयोजन होगा। आम सभा में होने वाले सभी कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट कार्यक्रम स्थल के साथ ही तेलीबांधा तथा बूढ़ा तालाब में दिखाया जाएगा। यहां राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के सांस्कृतिक समूह अपना कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे।

मुख्य सचिव ने अधिकारियों से कहा है कि श्रद्धालुओं को आयोजन स्थल तक पहुंचने में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो यह सुनिश्चित किया जाए। आयोजन स्थल तक पहुंचने के लिए आवागमन के साधन, मार्ग में जलपान की समुचित व्यवस्था की जाए। कार्यक्रम स्थल में कोविड-19 के प्रोटोकाल का ध्यान रखते हुए बैठक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही कोरोना से बचाव के सभी गाईडलाइन का पालन हो यह अनिवार्यतः सुनिश्चित किया जाए। आयोजन स्थल पर आवश्यकतानुसार चिकित्सकों का दल जरूरी जीवन रक्षक दवाइयों के साथ उपस्थित रहेंगे। चंदखुरी स्थित माता कौशल्या मंदिर के महत्व का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार करने के भी निर्देश मुख्य सचिव ने दिए है। विद्युत विभाग को विशेष रूप से कहा गया है कि आयोजन स्थल पर विद्युत व्यवस्था सुचारू रूप से चालू रहे यह सुनिश्चित किया जाए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित इस बैठक में सचिव पर्यटन एवं संस्कृति अन्बलगन पी., सचिव लोक निर्माण सिद्धार्थ कोमल परदेशी, छत्तीसगढ़ पर्यटन मण्डल के प्रबंध संचालक यशवंत कुमार, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग के संचालक विवेक आचार्य, रायपुर और दुर्ग संभाग के आयुक्त ए. कुलभूषण टोप्पो, रायपुर-दुर्ग-बलौदा

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं० 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं तीनत एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, मानवीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुश सी.बी.वर्मा, श्रीमती रेवती श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य क्षय में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आकलन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को इसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु पर संघ मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित विभिन्न कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूल मिशन पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU